**NEWS CLIPPING: 07.01.2020**

**PUNJAB KESARI**

# 8वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अंतःविषय अनुसंधान को बढ़ावा देने पर होगी चर्चा

- 8वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन आज
- दो दिन चलेंगे तकनीकी सत्र, 200 से ज्यादा शोध पत्रों पर होगी चर्चा




*8वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप देते कर्मचारी।*

फरीदाबाद, 6 जनवरी (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद द्वारा फ्यूजन आफ साईंस एंड टैक्नॉलोजी पर आयोजित किये जा रहे 8वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईएसएफटी-2020) को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सत्र के पहले दिन विदेशों से पहुंच रहे प्रतिनिधियों का पंजीकरण किया गया और यह प्रक्रिया देर सायं तक जारी रही। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सम्मेलन को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा भी की।

सम्मेलन के विभिन्न सत्रों के आयोजन के लिए सात स्थलों को तैयार किया गया है, जिनमें विश्वविद्यालय का मुख्य सभागार, शकुंतलम सभागार, मल्टीमीडिया हाल, सम्मेलन कक्ष के अलावा विभागीय सम्मेलन कक्ष शामिल हैं। सम्मेलन में भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों के अलावा अमेरिका, साउथ कोरिया, फ्रांस, थाईलैंड, इटली, ईरान, जापान, जर्मनी, ईरान, नाइजीरिया, साउदी अरब तथा म्यांमार से भी प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है।

इस सम्मेलन अंत:विषय अनुसंधान पर केन्द्रित रहेगा और मुख्य चर्चा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में फ्यूजन द्वारा भविष्य की प्रौद्योगिकी तथा नये अनुसंधान पर होगी। सम्मेलन का उद्घाटन सत्र 7 जनवरी को सुबह 9:30 बजे शुरू होगा, जिसमें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व चेयरमैन डॉ. वेद प्रकाश मुख्य अतिथि रहेंगे तथा सम्मेलन पर मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन तकनीकी सत्रों के दौरान जिन विषयों पर चर्चा होंगे, उनमें मुख्य: रूप से ऊर्जा एवं ताप प्रणाली में उन्नति, कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के डिजाइन एवं विश्लेषण, सिविल एवं एनवायरमेंट इंजीनियरिंग, प्रोड्क्शन एवं इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अन्य क्षेत्र शामिल हैं।

## सम्मेलन में देश-विदेश से 400 प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों तथा विदेशों से लगभग 400 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है। सम्मेलन के दौरान आयोजित होने वाली 11 तकनीकी सत्र में लगभग 400 शोधकर्ताओं के 200 से ज्यादा शोध पत्र रखे जायेंगे।


पंजाब केसरी ई-पेपर Tue, 07 January 2020
https://epaper.punjabkesari.in/c/47721483

# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 07.01.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# 5 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

**जेसी बोस** (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में फ्यूजन ऑफ साइंस एंड टेक्नॉलजी पर आज से अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू होगा। 5 दिवसीय इस सम्मेलन के लिए सोमवार से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हुई। साथ ही यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजन की तैयारियां पूरी की गईं। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने तैयारियों का जायजा लिया और स्टाफ को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

दिनेश कुमार ने बताया कि सम्मेलन का शुभारंभ 7 जनवरी को सुबह 9:30 बजे होगा, जिसमें यूनिवर्सिटी अनुदान आयोग के पूर्व चेयरमैन डॉ. वेद प्रकाश मुख्य अतिथि रहेंगे। इसके अलावा एनआईटी श्रीनगर के निदेशक डॉ. राकेश सहगल व डेकेन इंडिया के प्रबंध निदेशक कंवलजीत जावा भी सत्र को संबोधित करेंगे।




आयोजन के लिए यूनिवर्सिटी में 7 जगहें चिह्नित की गई हैं। इनमें मुख्य सभागार, शकुंतलम सभागार, मल्टिमीडिया हॉल, सम्मेलन कक्ष के अलावा विभागीय सम्मेलन कक्ष शामिल हैं। सम्मेलन में भारत की यूनिवर्सिटियों के अलावा अमेरिका, साउथ कोरिया, फ्रांस, थाईलैंड, इटली, ईरान, जापान, जर्मनी, ईरान, नाइजीरिया, सउदी अरब व म्यांमार से भी प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। यह सम्मेलन में इंटर डिसिप्लिनरी रिसर्च पर केंद्रित होगा।

**NEWS CLIPPING: 07.01.2020**

**THE TRIBUNE**

## EDUCATION NOTES



### 8TH INTERNATIONAL SYMPOSIUM BEGINS

**Faridabad:** The 8th International Symposium on Fusion of Science and Technology (ISFT-2020) will be inaugurated on Tuesday. It is being organised by the JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, in association with the Society for Fusion of Science. As many as 400 delegates from India and abroad are participating in the international conference. Out of which, about 50 delegates are from countries like the USA, South Korea, South Africa, France, Thailand, Italy, Iran, Japan and Germany. Prof Dinesh Kumar today reviewed the preparation of the conference. There will be 11 technical sessions, wherein more than 200 papers will be presented which have been authored by nearly 400 researchers of over 15 countries. Former chairman of the University Grants Commission Dr Ved Prakash will be the chief guest in the inaugural session, while Dr Rakesh Sehgal, director, NIT, Srinagar, and Kanwal Jeet Jawa, MD and CEO, Daikin India, will be the guest of honour. Prof Naveen Kumar from Delhi Technical University and CA Santosh Kumar, trustee from SRCEM, Palwal, will also address the session. Over 17 speakers from different countries have been invited who will address four plenary sessions.

The Tribune Tue, 07 January 2020 https://epaper.tribuneindi

**NEWS CLIPPING: 07.01.2020**

**HINDUSTAN**

# सम्मेलन में पहले दिन पंजीकरण हुआ

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) की ओर से फ्यूजन ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी विषय पर आयोजित किए जा रहे आठवें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईएसएफटी-2020) के लिए सोमवार को अतिथि स्मार्ट सिटी में पहुंचे गए। इस दिन अतिथियों ने सम्मेलन के लिए पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कराई अब मंगलवार को विधिवत सम्मेलन का शुभारंभ होगा। इधर संस्थान में सम्मेलन की तैयारियां पूरी कर ली गईं। इधर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने भी तैयारियों का जायजा लिया और मातहतों को जरूरी निर्देश दिए।

संस्थान में सम्मेलन के लिए कुल सात जगह निर्धारित की गई है। इन जगहों पर अलग-अलग सत्रों का आयोजन होगा। इनमें विश्वविद्यालय का मुख्य सभागार, शाकुंतलम सभागार, मल्टीमीडिया हॉल, सम्मेलन कक्ष, विभागीय सम्मेलन कक्ष आदि शामिल हैं।

इसके अलावा प्रतिनिधियों और अतिथियों के रहने और खाने-पीने की व्यवस्था भी विश्वविद्यालय की ओर से की गई है। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों तथा विदेशों से करीब चार सौ प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। सम्मेलन के 11 तकनीकी सत्रों में शोधकर्ता 2 सौ से ज्यादा शोधपत्र पेश करेंगे।

**08** वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन होगा वाईएमसीए में

**02** सौ ज्यादा शोधपत्र होंगे पेश

**15** करीब देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

**11** तकनीकी सत्रों पर होगी विषय पर चर्चा

## नए अनुसंधान पर चर्चा होगी

सम्मेलन में भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों के अलावा कई देशों से प्रतिनिधि शामिल होकर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में फ्यूजन से भविष्य की प्रौद्योगिकी तथा नए अनुसंधान की संभावना पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन में भारत के अलावा अमेरिका, साउथ कोरिया, फ्रांस, थाइलैंड, इटली, ईरान, जापान, जर्मनी, नाइजीरिया, सउदी अरब, म्यांमार आदि देशों से प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। सम्मेलन का शुभारंभ मंगलवार को सुबह 9:30 बजे बतौर मुख्य अतिथि यूजीसी के पूर्व चेयरमैन डॉ. वेद प्रकाश करेंगे।

**NEWS CLIPPING: 07.01.2020**

## THE PIONEER

# साइंस एंड टेक्नॉलोजी सम्मेलन में 400 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**वाईएमसीए** स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा फ्यूजन आफ साइंस एंड टेक्नॉलोजी पर आयोजित किये जा रहे 8वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईएसएफटी-2020) को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सत्र के पहले दिन विदेशों से पहुंच रहे प्रतिनिधियों का पंजीकरण किया गया और यह प्रक्रिया देर सायं तक जारी रही। कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने सम्मेलन को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा भी की। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों तथा विदेशों से लगभग 400 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

सम्मेलन के विभिन्न सत्रों के आयोजन के लिए सात स्थलों को तैयार किया गया है, जिनमें विश्वविद्यालय का मुख्य सभागार, शाकुंतलम सभागार, मल्टीमीडिया हॉल, सम्मेलन कक्ष के अलावा विभागीय सम्मेलन कक्ष शामिल हैं। सम्मेलन में पहुंच रहे प्रतिनिधियों तथा अतिथियों के रहने और खान-पान की भी पूरी व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा की गई है।

सम्मेलन में भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों के अलावा अमेरिका, साउथ कोरिया, फ्रांस, थाईलैंड, इटली, ईरान, जापान, जर्मनी, ईरान, नाइजीरिया, सउदी अरब तथा म्यांमार से भी प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस सम्मेलन अंत:विषय अनुसंधान पर केंद्रित रहेगा और मुख्य चर्चा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में फ्यूजन द्वारा भविष्य की प्रौद्योगिकी तथा नये अनुसंधान पर होगी।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 07.01.2020**

## DAINIK BHASKAR

# साइंस एंड टेक्नालॉजी पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आज से शुरू होगा

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी की ओर से फ्यूजन आफ साइंस एंड टेक्नालॉजी पर आयोजित किए जा रहे 8वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियां पूरी हो गई हैं। सत्र के पहले दिन विदेशों से पहुंच रहे प्रतिनिधियों का पंजीकरण किया गया और यह प्रक्रिया सोमवार देर सायं तक जारी रही। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सम्मेलन को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा की। सम्मेलन में भारत के विभिन्न यूनिवर्सिटीज के अलावा अमेरिका, साउथ कोरिया, फ्रांस, थाइलैंड, इटली, ईरान, जापान, जर्मनी, ईरान, नाइजीरिया, सऊदी अरब तथा म्यांमार से भी प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। यह सम्मेलन अंतः विषय अनुसंधान पर केन्द्रित रहेगा और मुख्य चर्चा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में फ्यूजन द्वारा भविष्य की प्रौद्योगिकी तथा नए अनुसंधान पर होगी।